AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

केंद्रीकृत दाखिले में नहीं जमा करनी होगी एनरोलमेंट और परीक्षा फीस

काउंसिलिंग के समय ली जाने वाली फीस को एनरोलमेंट फीस के रूप में समायोजित करेगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीकृत दाखिला प्रणाली कालेजों के साथ ही विद्यार्थियों के लिए काफी सुविधाजनक है। अलग-अलग कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन करने से मुक्ति मिलने के साथ ही उन्हें कई सुविधाएं मिल रही हैं। दाखिले के बाद उन्हें अलग से एनरोलमेंट और परीक्षा का भुगतान नहीं करना होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय काउंसिलिंग के समय ली जाने वाली फीस को एनरोलमेंट फीस के रूप में समायोजित करेगा वहीं सीट आवंटन के बाद जमा की जाने वाली सीट कन्फर्मेशन फीस का उपयोग लविवि विद्यार्थी की पहले सेमेस्टर की परीक्षा फीस के रूप में समायोजित करके करेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस समय केंद्रीकृत दाखिले चल रहे हैं। लविवि परिसर के साथ ही 66 कॉलेजो के दाखिले लविवि ही कर रहा है। इस व्यवस्था में लविवि ने आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन ऑफ कैम्पस काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल होने को कहा था। काउंसिलिंग

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लविवि ने उठाया कदम



प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को एक हजार रुपये एडवांस फीस तथा दो सौ रुपये काउंसिलिंग फीस जमा करने को कहा गया था। इसके बाद अभ्यर्थियों की रैंक और विकल्प के आधार पर सीट आवंटित की जाती है। सीट आवंटित होने पर उन्हें कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होती है। आवंटन से संतुष्ट न होने पर अभ्यर्थी को अपनी सीट अपग्रेड करने का मौका भी मिलता है। हालांकि इसके लिए भी उन्हें कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होती है। यह

कॉलेज को फीस ट्रांसफर करने में होती थी समस्या

अभी तक लविवि बीएलएड के दाखिले केंद्रीकृत प्रणाली पर कराता था। इसमें भी सीट अपग्रेड की व्यवस्था थी। लविवि एडवांस और कन्फर्मेशन फीस लेने के बाद फिर उसे कॉलेज को ट्रांसफर करता था। इसमें काफी समय लगता था। इससे सीख लेते हुए इस साल नई व्यवस्था बनाई गई है। इसके बाद अभ्यर्थी को सीट आवंटित होने पर सिर्फ कॉलेज में कॉलेज की फीस ही जमा करनी होगी। लविवि एडवांस फीस और कन्फर्मेशन फीस इनरोलमेंट और परीक्षा मद में एडजस्ट कर लेगा।

फीस लविवि परिसर और कॉलेज के लिए अलग-अलग तय की गई है। परिसर में सीट आवंटित होने पर कोर्स की न्यूनतम फीस देनी होती है। अगर उसे सेल्फ फाइनेंस की सीट मिली है तो फिर अपग्रेडेशन के लिए रेग्युलर पाठ्यक्रम की फीस जमा करनी होती है। वहीं दूसरी ओर कॉलेज के मामले में कन्फर्मेशन फीस की राशि संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा फीस रखी गई है। इस तरह से अभ्यर्थी की परीक्षा फीस उसके दाखिले के साथ ही जमा हो जाती है।

विद्यार्थियों को नहीं लगानी होगी लाइन

लविवि में नई व्यवस्था लागू होने का सीधा फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा। कॉलेज के विद्यार्थी परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरते हैं। इसके बाद उन्हें परीक्षा फीस जमा करने के लिए कॉलेज में लाइन लगानी होती है। परीक्षा फीस का भुगतान एडवांस हो जाने पर उन्हें कॉलेज में लाइन लगाने से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को एनरोलमेंट नंबर भी जल्द मिल जाएगा।

"विद्यार्थियों को मिलेगी सहूलियत
लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई व्यवस्था विद्यार्थियों के साथ ही कॉलेजों की समस्या को देखते हुए बनाई है। इससे अनावश्यक मनी ट्रांसफर नहीं होगा तथा विद्यार्थियों को भी सहूलियत रहेगी।
-डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

लविवि में परास्नातक प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का आगाज शनिवार से होगा। 10 से 17 अक्तूबर के बीच होने वाली प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले रिपोर्ट करना होगा। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन लविवि परिसर में ही किया जाएगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से 11.30 बजे के बीच तथा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से 3.30 बजे तक होगी। जबकि एमएड की प्रवेश परीक्षा तीन घंटे की होगी। इसकी शुरुआत सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे के बीच होगी। सभी के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले रिपोर्ट करने को कहा गया है। कोविड-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए इस साल की प्रवेश प्रक्रिया में कई बदलाव किए गए हैं।

एक घंटा पहले करना होगा रिपोर्ट

इसके तहत एमएफए-एमवीए कार्यक्रमों में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। कोई वाइवा या प्रैक्टिकल नहीं होगा। एलएलएम में साक्षात्कार के बजाय अब केवल लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। परीक्षा में बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली में 100 सवाल होंगे। एमएड में भी साक्षात्कार प्रक्रिया इस साल के लिए हटा दी गई है।

आज इनकी प्रवेश परीक्षा

- सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक- मास्टर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जूलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस
- दोपहर 2:00 बजे से 3:30 तक- मास्टर्स पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमेटिक्स

HINDUSTAN PAGE 6

दो शिफ्ट में होगी परीक्षा, पहली शिफ्ट 10 से 11:30, दूसरी 2 बजे से 3:30 तक

पीजी की प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ विवि

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की परीक्षा 10 अक्तूबर से शुरू होगी। परीक्षाएं 17 अक्तूबर तक चलेंगी। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 11:30 तथा दूसरी 2:00 से 3:30 के बीच होगी। छात्रों को परीक्षा के लिए केन्द्र पर एक घंटे पहले पहुंचना होगा। छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पूरी जानकारी ले सकते हैं। एडमिट कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्तूबर को पहली पाली में मास्टर हॉस्पिटल्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जूलॉजी तथा कंप्यूटर साइंस, दूसरी में मास्टर पब्लिक हेल्थ, एमएएमसी एंथ्रोपोलॉजी, एमए एमएससी मैथमेटिक्स की परीक्षा होगी। एमपीएड, बीपीएड, एमएड की भी परीक्षा होगी।

उन्होंने बताया कि कोविड 19 के चलते इस बार परीक्षा में बदलाव किया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी वेटेज या आरक्षण का दावा किया है, उन्हें आवेदन पत्र और एडमिट कार्ड की एक अतिरिक्त प्रति सभी प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों के साथ प्रवेश परीक्षा समाप्त होने के बाद अटल ब्लॉक न्यू लॉ बिल्डिंग मुख्य परिसर में जमा करनी होगी। बिना इसके आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

बीएससी और बीए

छात्रों के पास विषय चुनने का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएससी और बीए के छात्र पांचवें और छठें सेमेस्टर के लिए आनलाइन विषय चुन सकते हैं। बीएससी गणित वर्ग, बीएससी बायोलॉजी ग्रुप और बीए के जो छात्र चतुर्थ सेमेस्टर में हैं वह अगले सेमेस्टर के लिए अपने विषय आनलाइन चुन सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपनी आईडी का उपयोग करना होगा। वह यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन कर पांचवे व छठें सेमेस्टर के विषय चुनकर उसे सबमिट कर सकते हैं।

छात्रों को वर्तमान में चतुर्थ सेमेस्टर में दिए गए तीन विषयों में से दो को चुनना होगा। विकल्प भरने के बाद उन्हें पोर्टल पर काउंसलिंग फॉर्म मिलेगा। इसका प्रिंट आउट लेना होगा। निर्धारित

05 वें और छठे सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन विषय चुन सकते हैं

03 विषयों के विकल्प होंगे। दो विषय छात्रों को चुनने होंगे।

स्थान पर हस्ताक्षर करना होगा तथा संबंधित डीन कार्यालय में अपने पिछले सेमेस्टर की मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटो प्रतियों के साथ जमा करना होगा। डीन कार्यालय उनकी पसंद के विषय को ऑनलाइन सत्यापित करेगा। फिर शुल्क जमा करने का लिंक दिया जाएगा। छात्र यूडीआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा कर सकेंगे।

पीजी डिप्लोमा: 19 अक्तूबर तक छात्र प्रपत्र कर सकेंगे अपलोड

लविवि के पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में जिन छात्रों ने आवेदन किया है, उन्हें 19 अक्तूबर तक अपने सभी प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। छात्रों को अपने अंक पत्र और श्रेणी प्रमाण पत्र को ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल lkouniv.ac.in/online-counselling पर अपलोड करना होगा। फॉर्म भरने के समय दिए गए लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करना होगा। यदि वे पासवर्ड भूल गए तो पोर्टल से इसे फिर से प्राप्त कर सकते हैं। सभी प्रपत्र 19 अक्तूबर 2020 तक अपलोड करने होंगे। पीजी डिप्लोमा साइबर लॉ, पीजी डिप्लोमा आपदा राहत और पुनर्वास, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, पीजी डिप्लोमा प्राकृतिक चिकित्सा, पीजी डिप्लोमा सामाजिक कर्तव्य और मानवाधिकार तथा पीजी डिप्लोमा योग के अभ्यर्थियों को अपने प्रमाण पत्र अपलोड करने हैं।

01 घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट करना होगा

17 अक्तूबर तक चलेंगी पीजी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षाएं

यूजी के दाखिले

12 अक्तूबर तक जमा कर सकेंगे फीस

लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी, यूजी मैनेजमेंट तथा बीएलएड में चल रहे आफ कैम्पस आन लाइन काउन्सिलिंग में सीट सुरक्षित करने की प्रक्रिया चल रही है। छात्र 12 अक्तूबर 2020 तक शुल्क जमा कर अपनी सीट आरक्षित कर सकते हैं। शुल्क न जमा करने वाले छात्र का सीट आवंटन स्वतः निरस्त हो जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को उनकी पहली पसंद की सीट आवंटित नहीं होगी, वह सीट अपग्रेडेशन का विकल्प चुन सकते हैं। अपग्रेडेशन की सुविधा केवल उन अभ्यर्थियों को उपलब्ध मिलेगी जो सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करेंगे। उन्हें यह विकल्प देना होगा कि वे आवंटित विषय और कॉलेज को बनाए रखना चाहते हैं या सीट अपग्रेडेशन प्रक्रिया में जाना चाहते हैं। अपग्रेडेशन के मामले में उन्हें उच्च प्राथमिकता के एक विषय, कॉलेज या रिक्तता के आधार पर एक ही विषय या कॉलेज आवंटित किए जाएंगे। कम प्राथमिकता वाले विषय और कॉलेज का आवंटन नहीं होगा।

पीजी और शोध छात्रों के लिए खुलेगा लखनऊ विवि

निर्णय

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

शोध और परास्नातक छात्रों के लिए जल्दी ही लखनऊ विश्वविद्यालय खोला जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसका निर्णय लिया गया है। किस तिथि से विश्वविद्यालय खुलेगा, यह शासन के आदेश पर निर्भर रहेगा।

विवि के कुलपति की अध्यक्षता में दो दिन पहले सभी संकायाध्यक्षों की बैठक हुई थी। जिसमें विवि खोलने पर विचार विमर्श हुआ। इसमें सबके सुझाव व प्रस्ताव लिए गए थे।

शुक्रवार को विवि प्रशासन ने इसका कार्यवृत्त जारी कर दिया। इसमें सभी ने सर्वसम्मति से शोध कार्यों को गति प्रदान करने के लिए विभागों को खोलने पर सहमति जताई। इसी तरह परास्नातक के कुछ विषयों में नामांकित छात्रों के लिए भी विवि खोलने का निर्णय हुआ।

हॉस्टल और मेस भी खोलने का निर्णय

शोध और परास्नातक छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के छात्रावास भी खोले जाएंगे। जिन छात्रों को छात्रावास आवंटित है, उन्हें इसमें रहने की अनुमति दी जाएगी। संबंधित छात्रावासों के मेस भी खोले जाएंगे। इनकी व्यवस्था प्रोवोस्ट, चीफ प्रोवोस्ट तथा डीएसडब्ल्यू को करनी होगी। छात्रावासों के कमरों तथा परिसर के सैनिटाइजेशन का काम निर्माण विभाग के कार्य अधीक्षक करेंगे।

"परास्नातक तथा शोध छात्रों के लिए विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है। लेकिन अभी कोई तारीख निश्चित नहीं हुई है। शासन का निर्देश आने के बाद विश्वविद्यालय खोला जाएगा।
दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

ऑनलाइन चलेंगी स्नातक स्तर की कक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर की कक्षाएं अभी ऑनलाइन ही चलाई जाएंगी। इस पर भी बैठक में निर्णय हुआ है। स्नातक छात्र-छात्राओं के लिए फिलहाल विश्वविद्यालय अभी नहीं खुलेगा। इसे खोलने के बारे में अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। उसके बाद ही तय किया जाएगा कि विश्वविद्यालय सभी के लिए खोलना है या नहीं।

PIONEER PAGE 3

Varsity leads in uploading e-content

Lucknow (PNS): Lucknow University has uploaded e-content on the state government portal and it has acquired first position and continues to lead all the universities of the state. In order to maintain the lead, LU held a 'Marathon Manthan', which was presided over by Vice-Chancellor AK Rai, who reviewed the current status of e-content loaded from each department and institute.

"It was resolved that each teacher will contribute e-content every week. It was felt that while numbers are important, quality of content is as important. It was further resolved that LU will ensure high quality of e-content," a faculty member said. The VC expressed satisfaction at LU's performance in online education in these difficult times, including the effort towards facilitating students through availability of high quality e-content.

Meanwhile, the entrance test for admission to PG programmes of LU will begin from October 10 and continue till October 17. The LU spokesperson said applicants were advised to take proper precautions for themselves and report at least an hour before the test time.

Meanwhile, the seat confirmation for candidates who have been allotted seats is underway and will end on October 12. "The allotment of any candidate who does not deposit the seat confirmation fee will automatically be cancelled. All candidates who have not been allotted their first choice can opt for upgradation. The facility of upgradation will be available to only those candidates who deposit the seat confirmation fee. They have to give the option whether they want to retain the allotted subject," he said.

NBT PAGE 3

साइबर लॉ और गर्भ संस्कार के लिए अभ्यर्थियों में उत्साह

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू किए साइबर लॉ और गर्भ संस्कार पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों का जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है। इन दोनों पाठ्यक्रम के साथ ही चार अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए लविवि ने अभ्यर्थियों को अपने प्रमाणपत्र अपलोड करने के लिए कहा है। लविवि ने इस साल 28 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन मांगे थे। इनमें से सिर्फ 6 पाठ्यक्रम में ही कोर्स चलाने लायक आवेदन फॉर्म आये हैं। बाकी में सीट के मुकाबले 40 फीसदी से भी कम आवेदन फॉर्म आये हैं। इस वजह से लविवि ने इन पाठ्यक्रम पर अभी कोई फैसला नहीं किया है।

लविवि में पिछले साल तक 40 से ज्यादा डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स चलते थे। इनमें कोई एकरूपता नहीं थी। स्ववित्तपोषित प्रणाली पर आधारित पाठ्यक्रमों की फीस एक दूसरे से काफी अलग थी। इसको देखते हुए लविवि कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने एक समिति का गठन किया था। समिति की सिफारिशों के आधार पर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के संचालन में काफी बदलाव किया गया है।

लविवि ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संबंध में एडऑन की अनिवार्यता भी हटा ली है। अब डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सीधे दाखिला लिया जा सकेगा। हालांकि विभागाध्यक्षों के ऊपर होगा कि वे चाहें तो संबंधित डिप्लोमा में यह शर्त शामिल रखें। इसके बाद सिर्फ 28 पाठ्यक्रम के आवेदन फॉर्म मांगे गए। इसमें विश्वविद्यालय द्वारा इस साल शुरू किए गए गर्भ संस्कार और साइबर लॉ पर आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। इन बदलावों के बाद लविवि को उम्मीद थी कि साल दर साल स्थगित हो रहे पाठ्यक्रम इस साल संचालित हो सकेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि 28 में से सिर्फ 6 पाठ्यक्रम ही संचालित होने की स्थिति में हैं। पुराने पाठ्यक्रम में भले ही आवेदन नहीं आये हैं पर गर्भ संस्कार और साइबर लॉ में सीट के मुकाबले काफी ज्यादा आवेदन फॉर्म आये हैं।

लविवि में पहली बार शुरू हुए हैं दोनों पाठ्यक्रम, बाकी विषयों में सन्नाटा

इन पाठ्यक्रमों पर अभी नहीं हुआ फैसला

■ पीजी डिप्लोमा इन एपिडेमियोलॉजी एंड बायोस्टेट-30 ■ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट-60 ■ पीजी डिप्लोमा इन प्रिडेक्शन एंड चाइल्ड हेल्थ-30 ■ पीजी डिप्लोमा इन एचआईवी एड्स एंड फैमिली लाइफ एजुकेशन-30 ■ पीजी डिप्लोमा इन राइट टू इनफार्मेशन एंड डेमोक्रेसी-30 ■ पीजी डिप्लोमा इन तमिल-20 ■ एडवांस डिप्लोमा इन क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटिक्स-30 ■ एडवांस डिप्लोमा इन फ्रेंच रेग्युलर- 30 ■ एडवांस डिप्लोमा इन फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस- 30 ■ डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयरलाइन टिकटिंग एंड ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन- 30 ■ डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच रेग्युलर- 20 ■ डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस- 30 ■ सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच रेग्युलर- 20 ■ सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस- 30 ■ पीजी डिप्लोमा इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट-40 ■ पीजी डिप्लोमा इन बायोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट-40 ■ पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी-15 ■ पीजी डिप्लोमा इन इनफार्मेशन एंड साइबर सिक्योरिटी-30 ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्थोनोलॉजी-20 ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन एक्युएटिक वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन-20 ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन वेस्टलैंड मैनेजमेंट-20 ■ पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस-15 ■ डिप्लोमा इन डाटा एनालिसिस विद स्टैस्टिकल पैकेज फॉर सोशल साइंसेज-30

न्यूनतम 18 हजार प्रति सेमेस्टर फीस

लविवि के विभिन्न विभागों में चलने वाले डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में एकरूपता लाने के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई गाइडलाइन के अनुसार डिप्लोमा पाठ्यक्रम दो कैटेगरी में चलेंगे। इनकी न्यूनतम फीस 18 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर है। लविवि के एक वरिष्ठ शिक्षक के अनुसार फीस ज्यादा होने की वजह से ही आवेदन फॉर्म इतने कम आये हैं।

इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए डाक्यूमेंट अपलोड करने का निर्देश

■ पीजी डिप्लोमा साइबर लॉ-40 ■ पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन- 30 ■ पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार- 30 ■ पीजी डिप्लोमा नैचुरोपैथी-40 ■ पीजी डिप्लोमा सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स-30 ■ पीजी डिप्लोमा योगा-40

शोधार्थियों को विभाग आने की मिलेगी छूट

लखनऊ। अनलॉक-5 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय भी अपने शोधार्थियों को विभाग बुलाने की तैयारी में है। हालांकि इसकी तारीख की घोषणा सरकार से दिशा निर्देश मिलने के बाद की जाएगी। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में बनी समिति के निर्णय के अनुसार शोधार्थियों को शोध कार्य के लिए विभाग आने की अनुमति दी जाएगी।

एलयू में पीजी की प्रवेश परीक्षा आज से

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू में परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार से शुरू हो रही है। प्रवेश परीक्षा में स्टूडेंट्स को एक घंट पहले रिपोर्ट करना होगा। स्टूडेंट्स को एक-एक कर परीक्षा केंद्र पर में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा एलयू के मुख्य परिसर, नवीन परिसर व केकेसी में बने परीक्षा केंद्रों पर होगी।

पहले दिन इन विषयों की होगी परीक्षा: पहले दिन 10 अक्टूबर को सुबह की पाली में मास्टर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जूलॉजी, एमएससी कम्प्यूटर साइंस पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, दूसरी पाली में मास्टर्स पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमेटिक्स की परीक्षा होगी। दोनों पालियों में 1638 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहले दिन प्रवेश परीक्षा सिर्फ एलयू के मुख्य परिसर व नवीन परिसर में होगी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एमएड प्रवेश परीक्षा 15 अक्टूबर को सुबह 10:00 से 11:30 बजे तक होगी।

दो शिफ्ट में एलयू परिसर में होगी, 15 को एमएड की प्रवेश परीक्षा

दो शिफ्ट में होगी : विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक चलेगी। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 से 3:30 बजे होगी।

i-NEXT PAGE 4

बीएससी में सब्जेक्ट चुनने का खुला लिंक

बीए थर्ड ईयर में सब्जेक्ट चुनने के लिए भी दिया लिंक

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Oct): एलयू के बीएससी (मैथ), बीएससी (बायोलॉजी) और बीए फोर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को अपनी आईडी से यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगइन करना होगा. एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह स्टूडेंट्स पांचवें और छठे में जो विषय चुनना चाहते हैं, उसे सबमिट कर सकते हैं. उन्हें वर्तमान में फोर्थ सेमेस्टर में दिए गए तीन विषयों में से दो को चुनना होगा. अपना विकल्प सबमिट करने के बाद उन्हें पोर्टल पर जनरेट काउंसलिंग फॉर्म का प्रिंट आउट लेकर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करना होगा. इसके बाद संबंधित डीन के कार्यालय में अपनी पिछली सेमेस्टर की मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटो प्रतियां साथ जमा करनी होगी. डीन कार्यालय स्टूडेंट्स की पसंद को ऑनलाइन वेरीफाई करेगा और फिर फीस जमा करने का लिंक एक्टिव होगा.

एक घंटे पहले आइए तभी दे सकेंगे स्टूडेंट एंट्रेंस एग्जाम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Oct): एलयू के पीजी में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम शनिवार (10 अक्टूबर) से शुरू हो रहे हैं, जो 17 अक्टूबर तक चलेंगे. एग्जाम में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को एग्जाम की टाइमिंग से करीब एक घंटे पहले सेंटर पर रिपोर्ट करना होगा. इस दौरान स्टूडेंट्स को जांच के बाद एंट्री दी जाएगी. एंट्रेंस एलयू के ओल्ड व न्यू कैंपस के साथ केकेसी पीजी कॉलेज के सेंटर्स पर होंगे.

दो शिफ्ट में होगा एग्जाम

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एंट्रेंस दो शिफ्ट में होंगे. पहली शिफ्ट सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक होगी. इसकी रिपोर्टिंग टाइमिंग सुबह नौ बजे होगी. वहीं दूसरी शिफ्ट 2:00 से 3:30 बजे तक होगी. इसकी रिपोर्टिंग टाइमिंग दोपहर एक बजे होगी.

15 अक्टूबर को एमएड एंट्रेंस

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एमएड एंट्रेंस 15 अक्टूबर को पहली शिफ्ट सुबह 10:00 से 11:30 बजे के बीच होगा.

पहले दिन इन विषयों का होगा एंट्रेंस

10 अक्टूबर- सुबह की मीटिंग में मास्टर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जुलॉजी, एमएससी कम्प्यूटर साइंस

दोपहर की मीटिंग में - मास्टर्स पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमेटिक्स

JAGRAN CITY PAGE IV

पीजी की प्रवेश परीक्षाएं आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश, सुबह नौ बजे से मिलेगा प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी बीपीएड, एमपीएड एवं एमएड में प्रवेश के लिए परीक्षाएं मुख्य परिसर के अटल ब्लॉक, कला संकाय, पीजी ब्लॉक व न्यू कॉमर्स विभाग में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होंगी।

परीक्षाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मास्क लगाना और शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। अभ्यर्थियों को विवि में प्रवेश पत्र के साथ सुबह नौ बजे से गेट संख्या एक, दो और तीन से प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के दौरान अभिभावकों से भी परिसर से बाहर रहने की अपील की है।

परीक्षण का समय

शिफ्ट एक
- रिपोर्टिंग समय सुबह नौ बजे
- परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 11:30 तक

शिफ्ट दो
- रिपोर्टिंग समय दोपहर एक बजे
- परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से 3:30 बजे तक

एमएड (15 अक्टूबर)
- रिपोर्टिंग समय सुबह 9 बजे
- परीक्षा का समय 10 बजे से दोपहर एक बजे तक

ये हैं डिप्लोमा कोर्स

- पीजी डिप्लोमा (साइबर लॉ)
- पीजी डिप्लोमा (आपदा राहत और पुनर्वास)
- पीजी डिप्लोमा (गर्भ संस्कार)
- पीजी डिप्लोमा (प्राकृतिक चिकित्सा)
- पीजी डिप्लोमा (सामाजिक कर्तव्य और मानवाधिकार)
- पीजी डिप्लोमा (योग)

दस्तावेजों को अपलोड करने के संबंध में दिशा-निर्देश

लविवि प्रशासन ने पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत उन्हें अंक पत्र और श्रेणी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) को विश्वविद्यालय के ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल UnLOC https://lkouniv.ac.in/online-counselling/ पर अपलोड करना होगा। फॉर्म भरने के समय उनके पास भेजे गए लॉगइन क्रेडेंशियल का उपयोग करें। डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी दस्तावेज 19 अक्टूबर तक अपलोड करने होंगे।

12 तक शुल्क का भुगतान

यूजी, यूजी मैनेजमेंट और बीएड के लिए सीट कंफर्मेशन के तहत चल रही ऑफ कैंपस ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए सीट की पुष्टि शुल्क जमा करने का मौका 12 अक्टूबर तक है। पुष्टि शुल्क न जमा करने वाले अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः रद हो जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को पहली पसंद आवंटित नहीं की गई है, वे अपग्रेडेशन का विकल्प चुन सकते हैं। यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा किया है। उन्हें यह विकल्प देना होगा कि क्या वे आवंटित विषय / कॉलेज को बनाए रखना चाहते हैं या अपग्रेडेशन के लिए जाना चाहते हैं। अपग्रेडेशन के मामले में उन्हें उच्च प्राथमिकता के एक विषय/ कॉलेज या रिक्त के आधार पर एक ही विषय / कॉलेज आवंटित किया जाएगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

परास्नातक प्रवेश परीक्षा में पूछे जायेंगे बहुविकल्पीय प्रश्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के परास्नातक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 10 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं, जो 17 अक्टूबर तक चलेंगे। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे।

● आज से दो पालियों में शुरू होगी प्रवेश परीक्षा

लविवि की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को परीक्षा का समय से करीब एक घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। इस दौरान छात्रों को जांच के बाद प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश लविवि के पुराने व द्वितीय परिसर के साथ श्री जय नारायण मिश्र कालेज (केकेसी) के केंद्रों पर होंगे। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश दो पालियों में होंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक होगी। इसकी रिपोर्टिंग का समय सुबह नौ बजे से होगा। वहीं, दूसरी पाली दो से 3:30 बजे तक होगी। इसकी रिपोर्टिंग का समय दोपहर एक बजे से होगा। साथ ही विवि प्रशासन की ओर से 10 से 17 अक्टूबर तक होने वाली प्रवेश परीक्षा का विषय वार कार्यक्रम जारी कर दिया है।

PIONEER PAGE 3

लविवि में पीजी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज से

एक घण्टे पूर्व करनी होगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी कक्षाओं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार से शुरू होगी। यह प्रवेश परीक्षा 17 अक्टूबर तक होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को परीक्षा की टाइमिंग से करीब एक घंटे पहले सेंटर पर रिपोर्ट करना होगा। इस दौरान स्टूडेंट्स को जांच के बाद एंट्री दी जाएगी।

प्रवेश परीक्षा विवि के मुख्य परिसर के साथ ही नवीन परिसर व केकेसी पीजी में होगी। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एंट्रेंस दो शिफ्ट में होंगे। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक होगी। इसकी रिपोर्टिंग टाइमिंग सुबह नौ बजे होगी। वहीं दूसरी शिफ्ट 2 से 3.30 बजे तक होगी। इसकी रिपोर्टिंग टाइमिंग दोपहर एक बजे होगी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एमएड एंट्रेंस 15 अक्टूबर को पहली शिफ्ट सुबह 10 से 11.30 बजे के बीच होगा। कल सुबह की मीटिंग में मास्टर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जुलॉजी, एमएससी कम्प्यूटर साइंस व दोपहर की मीटिंग में मास्टर्स पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमेटिक्स की परीक्षा होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 2

बीएससी और बीए में चुन सकेंगे विषय विकल्प

लखनऊ। विश्वविद्यालय में बीएससी (गणित समूह), बीएससी (बायोलॉजी ग्रुप) और बीए जो चौथे सेमेस्टर में है। उन्हें अपने छात्र आईडी का उपयोग करके अपने यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन करना होगा और वे सेमेस्टर पांचवें और छठे में जो विषय चुनना चाहते हैं, उसे सबमिट कर सकते हैं। उन्हें वर्तमान चौथे सेमेस्टर में दिए गए तीन विषयों में से दो को चुनना होगा। अपना विकल्प जमा करने के बाद उन्हें पोर्टल पर उत्पन्न काउंसलिंग फॉर्म का प्रिंट आउट लेना होगा, निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करना होगा और संबंधित डीन के कार्यालय में अपनी पिछली सेमेस्टर की मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटो प्रतियों के साथ जमा करना होगा। इसके बाद डीन का कार्यालय उनकी पसंद को ऑनलाइन सत्यापित करेगा और फिर शुल्क जमा करने का लिंक सक्रिय हो जाएगा।

सीट कन्फर्मेशन फीस का भुगतान 12 तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी मैनेजमेंट और बीएलएड में चल रहे ऑफ कैंपस ऑनलाइन काउंसलिंग में सीट आवंटित करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सीट की पुष्टि शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 12 अक्टूबर तक चलेगी। सीट की पुष्टि शुल्क जमा नहीं करने वाले किसी भी अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः रद्द हो जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को अपनी पहली पसंद आवंटित नहीं की गई है, वे अपग्रेडेशन का विकल्प चुन सकते हैं। अपग्रेडेशन की सुविधा केवल उन अभ्यर्थियों को उपलब्ध होगी जो सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करते हैं। उन्हें यह विकल्प देना होगा कि क्या वे आवंटित विषय कॉलेज को बनाए रखना चाहते हैं या वे अपग्रेडेशन प्रक्रिया के लिए जाना चाहते हैं। अपग्रेडेशन के मामले में उन्हें उच्च प्राथमिकता के एक विषय कॉलेज या रिक्ति के आधार पर एक ही विषय के लिए कॉलेज आवंटित किया जाएगा। किसी भी स्थिति में कम प्राथमिकता वाले विषय कॉलेज को आवंटित नहीं किया जा सकता है।

14 को आएंगे अपग्रेडेशन के नतीजे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अपग्रेडेशन और दूसरे आवंटन का परिणाम 14 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को कॉलेजों में सीटें आवंटित की गई हैं और जिन्होंने सीट कन्फर्मेशन की फीस जमा कर दी गई, उनका विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय के यूडीआरसी पोर्टल पर कॉलेज के लॉगिन पर उपलब्ध होगा। छात्र-छात्राएं यहां से सूचनाएं हासिल कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भी छात्र विवि की वेबसाइट देख सकते हैं।

TOI PAGE 2

Garbha sanskar pips public admin in applications race

Times News Network

Lucknow: The postgraduate (PG) diploma course on 'garbha sanskar', which teaches students the dos and don'ts for a pregnant woman, is among six courses which will be run by Lucknow University this academic session.

However, 22 PG diploma courses including that on public administration will remain suspended.

The reason is that people have shown more interest in the garbha sanskar course than in public administration. The garbha sanskar course has received more than 40% applications against the number of seats, which is required to run a course. Public administration has not been able to attract the required number and hence will remain suspended this year. "Since most of these courses are self-financed, it becomes difficult to sustain if applicants are not in the required number," said an officer.

Five more PG diploma courses—cyber law, calamity relief and rehabilitation, naturopathy, social duties and human rights and yoga—will continue as they fulfil the criterion. However, 22 PG diploma courses will remain suspended because they do not.

Of these, public administration, French and clinical nutrition and dietetics have failed to get the minimum required number for the second consecutive year.

Garbha sanskar course was introduced this year on the advice of governor Anandiben Patel, the chancellor of state universities. The course with 30 seats will teach students what pregnant women should eat, listen to, practice, and do from the time of conception till delivery.

Another addition this year is PG diploma course in cyber law with 40 seats.

Teachers said that diplomas are like add-on courses, hence students apply if they think a course will be useful in getting jobs or benefit in day-to-day life. Quality of teaching is also a major determining factor for applicants, they added.

File photo



SHIFT IN INTEREST

Entrance for LU PG courses from today

Times News Network

Lucknow: The entrance test for admissions to around 4,000 seats for Lucknow University's various postgraduate courses will begin from Saturday. The entrance tests will be held till October 17 in two shifts to ensure that social distancing is maintained in the wake of the Covid-19 pandemic.

On Day 1, the entrance test for masters in physical education and education, and bachelors in physical education will be conducted at LU's old campus. Over 1,000 candidates will take the examination on the first day in two shifts—from 10am to 11.30am and 2pm to 3.30pm. Candidates will have to reach the examination centre at least an hour before the examination is slated to begin.

The examination schedule has been uploaded on LU's website. " No candidate will be allowed to appear for the entrance exam without a mask. They have to ensure that they reach the examination centre an hour earlier," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.